इटावा पुलिस

#ऑपरेशन दृष्टि

प्रेस नोट- दिनांक 17.09.2023

ऑपरेशन दृष्टि के तहत प्रदेश मे लगाये गये सीसीटीवी कैमरो की मदद लेकर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले 02 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सहसों पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना /गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक17.08.2023 को वादी मनोज दोहरे ने थाना सहसों पर लिखित तहरीरी सूचना दी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ग्राम सोने का पुरा मे अधिष्ठापित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिसके संबंध मे तत्काल **थाना सहसों पर मु0अ0सं039/23 धारा 295 भादवि** पंजीकृत किया गया था। जिससे संबंधित 01 अभियुक्त को दिनांक 04.09.2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना सहसों पुलिस निरंतर प्रयासरत थी।

इसी क्रम मे कार्यवाही करते हुये थाना सहसो पुलिस द्वारा **ऑपरेशन दृष्टि के तहत प्रदेश मे लगाये गये सीसीटीवी कैमरो की मदद से अपराधियों को चिन्हित कर** आज दिनांक 17.09.2023 को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त **विनोद कुमार पुत्र रामशंकर** तथा **भूरे पुत्र मुन्ना लाल** को **हनुमन्तपुरा चौराहे** से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. **विनोद कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम दरुआ थाना फूफ जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश उम्र 20 वर्ष।**
2. **भूरे पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम दरुआ थाना फूफ जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश उम्र 18 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. **मु0अ0सं0 39/23 धारा 295 भादवि थाना सहसों जनपद इटावा।**

पुलिस टीमः- **निरी0 श्री राजीव कुमार प्रभारी थाना सहसों मय टीम।**